तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



पाली की हाईटेक नर्सरी में तैयार हो रहे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

2





(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा

मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340


## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, 29 आवेदन प्राप्त

**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में अड़भार अंतर्गत ग्राम करिगांव निवासी श्रीमती मोंगरा बाई चंद्रा ने महतारी वंदन योजना मे त्रुटि सुधार कर नाम को पुनः जोड़ने के सम्बन्ध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम सकरेली निवासी अनिल कुमार सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के संबंध सहित अन्य समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया गया।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सक्ती में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। आईटीआई सक्ती के प्रभारी चन्द्रेश दिव्य ने बताया कि शासकीय आईटीआई सक्ती में फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं सिलाई टेक्नोलॉजी व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भलीभांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है।

### चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत 18 जुलाई को

**जांजगीर-चांपा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा जयदीप गर्ग प्रधान के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई एवं 21 नवंबर दिन शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जयदीप गर्ग द्वारा जांजगीर चांपा एवं सक्ति जिले के समस्त न्यायाधीशों को चेक बाउंस प्रकरणों को चिन्हांकित करने तथा अधिक से अधिक मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर प्री-सीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### डिप्लोमा एंड एलिमेंट्री एजुकेशन मुख्य अवसर द्वितीय वर्ष परीक्षा 10 तक

**जांजगीर-चांपा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य व अवसर परीक्षा वर्ष 2026 की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 10 जून तक आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में संपन्न होंगी।

## अभ्यर्थियों के लिए आए दिशा निर्देश हल्के रंग के हॉफ शर्ट के साथ चप्पल पहनकर पहुंचें केन्द्र

# डीएलएड की परीक्षा : डार्क कलर के फुल शर्ट व आभूषण के साथ जूते पहने परीक्षार्थियों को सेंटर में नहीं मिलेगा प्रवेश

### धार्मिक व सांस्कृतिक पोशाक वालों को समय से पहले देनी होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा गुरूवार 4 जून को ली जाने वाली डीएलएड की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के पहनावे, ओढावे को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश जारी किए गए है। खास बात यह है कि व्यापमं द्वारा बनाए गए नियम के तहत परीक्षार्थियों को हल्के रंग के हाफ शर्ट में चप्पल पहनकर पहुंचना होगा। डार्क कलर के फूल शर्ट व आभूषण पहनने वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके अलावा धार्मिक व सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को समय से पहले जानकारी देनी होगी।

व्यापमं द्वारा गुरूवार 4 जून को आयोजित डीएलएड परीक्षा में शामिल आने वाले अभ्यर्थियों के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए है। परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर सकते है ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचेंगे, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। यह परीक्षा 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जायेगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार बंद होने के समय का व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा गया है। इसके साथ ही सबसे महत्वपूर्ण दिशा निर्देश पहनावे को लेकर दिए गए है। जिसके तहत परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जमुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चाकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने कहा गया है। इसी तरह कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्श, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में केवल काले या नील बाल पॉइंट पेन लेकर ही आने कहा गया है।



#### दिए है दिशा निर्देश

डीएलएड परीक्षा 4 जून को होगी। इसके लिए 19 केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को पोशाक और समय को लेकर आवश्यक नियम बनाए गए है। इन सभी बातों को लेकर व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन कराने कहा गया है।

-शशि चौधरी
डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी व्यापमं

### 19 केन्द्रों में साढ़े 5 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

व्यापमं द्वारा 4 जून को डीएलएड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि इसके लिए जांजगीर चांपा जिले में कुल 19 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जहां 5 हजार 569 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केन्द्रों में आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है। ड्यूटी करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को व्यापमं के नियमों के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। साथ ही नियमों के परिपालन को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए गए है।

## जिला मुख्यालय में खाद की कालाबाजारी, 1446 बोरी जब्त

# किसान बनकर खाद लेने पहुंचे अफसर 266 का यूरिया मिला 850 में, की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग के अफसर ने फिल्मी अंदाज में छापामार कार्रवाई की। दरअसल खाद लेने जिला मुख्यालय के दुकान में पहुंचे किसान ने यूरिया को दोगुने से भी अधिक कीमत पर बेचने की शिकायत कृषि विभाग के उप संचालक से की। ऐसे में उप संचालक किसान बनकर मोटरसायकल से ही खाद लेने पहुंच गए। दुकानदार ने भी किसान समझकर 266 रुपए 50 पैसे का यूरिया साढ़े आठ सौ में बेच दिया। इसके बाद उर्वरक निरीक्षकों की टीम बुलाई और वहां रखे 1446 बोरी खाद की जब्ती बनाकर सील किया गया।

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में खरीफ फसल की तैयारी के साथ खाद के अवैध भंडारण और मनमाने रेट पर बिक्री करने का कारोबार भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही अफसरों की टीम लगातार छापेमार कार्रवाई करके जब्ती भी बना रही है। इसी कड़ी में मंगलवार 2 जून को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर राकेश शर्मा उप संचालक कृषि जांजगीर के द्वारा जिले में किसानों को सही मूल्य में खाद दिलाने के लिए फिल्मी अंदाजा में छापामार कार्रवाई करते हुए यूरिया की कालाबाजारी पकड़ी। बताया जाता है कि जिला मुख्यालय के पास के ही एक किसान ने जांजगीर स्थित नानकचंद नंदकिशोर कृषि केन्द्र में यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत की। इस पर उप संचालक कृषि श्री शर्मा ने उस किसान को कपडे बदलकर आने कहा और फिर खुद किसान बनकर उसे मोटरसायकल में बैठाकर उसी दुकान में खाद लेने पहुंच गया। किसान बनकर पहुंचे उप संचालक शर्मा ने दुकानदार से यूरिया की बोरी खरीदने की बात कही। इसके लिए दुकानदार की मांग के अनुसार किसान का ऋण पुस्तिका और आधार कार्ड दिखाया फिर 850 रुपए की दर पर एक बोरी यूरिया की खरीदी की। खरीदे गए यूरिया को उठाकर अपनी बाइक पर रखा। इसके बाद उन्होंने उर्वरक निरीक्षकों की टीम को बुलवाया। निरीक्षकों की टीम को देखकर कृषि केन्द्र संचालक सकते में आ गया। इस दौरान उसे जानकारी मिली कि जिस किसान को उसने 850 रुपए में यूरिया की बोरी बेची है, वह जिले के कृषि विभाग का सबसे बड़ा अधिकारी है। मौके पर पहुंची टीम ने शासकीय निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर विक्रय करने की शिकायत सही पाये जाने पर उक्त कृषि केन्द्र के गोदाम में भण्डारित 1446 बोरी रासायनिक खाद को तत्काल प्रभाव से जब्त किया। उल्लेखनीय है कि जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में इस तरह की एक और कार्रवाई हुई है।




ब्लैक में खरीदे गए यूरिया और अफसरों की टीम तथा इंसेट में दुकान में लगा ताला।

# पालिका कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन

## प्लेसमेंट के साथ नियमितों को भी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में साफ सफाई के साथ शहरवासियों के लिए पेयजल सुविधा मुहैया कराने और अन्य कार्यो के लिए मुस्तैद नगर पालिका के कर्मचारी फांके में दिन बिताने मजबूर है। दरअसल यहां कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन तो वहीं नियमित कर्मचारियों को दो महीने का वेतन नहीं मिल पाया है।

गौरतलब है कि शहर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ नगरीय प्रशासन की मंशा अनुसार शहर की साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था मुहैया कराने सहित नगर पालिका के कार्यो को करने पूरे समय तत्पर रहने वाले नगर पालिका के कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान नहीं होने की समस्या एक तरह से स्थायी होते जा रही है। वर्तमान में नगर पालिका परिषद जांजगीर में 55 नियमित तो वहीं 110 प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत है। कुल मिलाकर 165 कर्मचारी काम कर रहे है। इनमें प्लेसमेंट के तहत कार्यरत 110 कर्मचारियों को मार्च, अप्रैल एवं मई महीने का वेतन नहीं मिल पाया है। इसी प्रकार 55 नियमित कर्मचारियों को अप्रैल एवं मई महीने का वेतन नहीं मिल पाया है। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। 15 दिनों के बाद नया शिक्षा सत्र प्रारंभ भी हो जाएगा। इस दौरान बच्चों के लिए एडमिशन फीस, पुस्तक कापी, यूनिफार्म, जूता मोजा की खरीदी करना अभिभावकों के लिए कठिन हो जाएगा। खास बात यह है कि इस तरह की समस्या पालिका के कर्मचारियों को हर साल होती है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार पालिका अधिकारियों को प्लेसमेंट एवं नियमित कर्मचारियों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ होते ही जलकर, समेकित कर, मकान टैक्स, दुकान टैक्स सहित अन्य विभिन्न करों के लिए वसूली करने लक्ष्य निर्धारित हो जाता है। इसके बाद वसूली को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं देते। जिसके चलते प्लेसमेंट एवं कई संविदा कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो पाता। टैक्स वसूली को लेकर जब वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर रहता है। इसी दौरान वसूली को लेकर पालिका के अधिकारी कर्मचारी गंभीर होते है। ऐसे में समुचित रूप से टैक्स की वसूली भी नहीं हो पाती। जिसका असर कर्मचारियों के वेतन पर भी पड़ता है।




#### दी गई है जानकारी

पालिका में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को दो एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

-विक्रांत भगत,
सीएमओ
नगर पालिका जांजगीर नैला

## एसपी दफ्तर में मचाया हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय कार्य में बाधा डालने के साथ स्टाफ को झूठे केस में फंसाने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला एसपी कार्यालय जांजगीर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी पंकज कुमार चौबे सोमवार 1 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अजाक जावक शाखा में एक आवेदन देकर तुरंत पावती देने का दबाव बनाया। ड्यूटी पर मौजूद महिला पुलिस द्वारा आवेदन पढ़कर पावती देने की बात कहने पर आरोपी भड़क गया। इस दौरान आरोपी आवेश में आ गया और गालियां देने लगा। हंगामा बढ़ता देख कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी ने सभी के साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का- मुक्की शुरू कर दी। उसने स्टाफ को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। मामले में आरोपी पंकज कुमार चौबे के विरुद्ध धारा 221, 121(1), 132, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

## बिजली तार की चोरी मामले में अपचारी बालक समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निर्माणाधीन मकानों से बिजली तार की चोरी करने के मामले में दो अपचारी बालक समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सौरव कुमार सराफ निवासी चांपा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोरवा पारा स्थित उनके निर्माणाधीन मकान में 31 मई की रात्रि में एक आरोपी बिजली के तार और कटर के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने पहले भी उसी मकान से करीब 30 हजार रुपये के बिजली तार चोरी करना कबूला। इसी प्रकार डॉ. राधेश्याम सोनी निवासी चांपा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मारूति टाउनशिप स्थित उनके निर्माणाधीन मकान से 13 मई को अज्ञात चोरों ने सीसीटीवी कैमरा और 30 मई को बिजली के तार चोरी कर लिए। पुलिस ने कार्तिक दास महंत, उम्र 23 वर्ष, नारायण चौहान, उम्र 19 वर्ष व मदन लाल बरेठ को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## अब तक 6 लाख 92 हजार दिवस का किया जा चुका मानव सृजित

# मनरेगा से जिले के 47 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मनरेगा के माध्यम से जिले के 47 हजार 188 से भी अधिक ग्रामीणों को प्रतिदिन रोजगार मिल रहा है। वहीं अब तक 6 लाख 92 हजार मानव दिवस का रोजगार सृजित किया जा चुका है।

गौरतलब है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) केवल रोजगार उपलब्ध कराने की योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और जल संरक्षण संचय का मजबूत आधार बनती जा रही है। मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण एवं जल संरक्षण कार्य ग्रामीणों के लिए रोजगार और आजीविका का नया ढांचा तैयार कर रहे हैं। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वर्तमान में तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, आजीविका डबरी, रिचार्ज पिट, कुआं निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इन कार्यों में प्रतिदिन 47 हजार 188 से अधिक ग्रामीण श्रमिक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 6.92 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजित किया जा चुका है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में रोजगार और जल संरक्षण को एक साथ जोड़कर कार्य किया जा रहा है। सोखता गड्ढों और रिचार्ज पिट के निर्माण को अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त कार्य स्वीकृत हैं तथा ग्रामीणों की मांग के अनुरूप नए कार्य तत्काल प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्रशासन की प्राथमिकता वर्षा ऋतु से पहले अधिकतम जल संग्रहण और जल संरक्षण कार्यों को पूर्ण करने की है, ताकि बारिश का पानी गांवों में ही संरक्षित हो सके और भू-जल स्तर में सुधार हो। मनरेगा के तहत आजीविका डबरी, नए तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, खेत तालाब, रिचार्ज पिट, कुआं निर्माण तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले गर्मी के दिनों में तालाब सूख जाते थे और रोजगार की तलाश में बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही रोजगार उपलब्ध होने से पलायन में कमी आई है। जल संरक्षण के कार्यों का लाभ खेती, पशुपालन और ग्रामीण आजीविका पर भी सकारात्मक रूप से दिखाई देने लगा है।



## बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत फसल पंजीयन 10 से 24 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरीफ वर्ष 2026 में कृषकों के प्रक्षेत्र पर उत्पादन कार्यक्रम के तहत फसल पंजीयन किया जाना है। बीज उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन 10 जून से 24 जून तक जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित की जाएगी।

उप प्रबंधक व बीज प्रबंधक श्रीमती नम्रता तिवारी ने बताया कि बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन कार्य विकासखंड बम्हनीडीह में 10 जून को, अकलतरा विकासखंड में 11 जून को, पामगढ़ विकासखंड में 12 जून को, बलौदा विकासखंड में 15 व 16 जून को, नवागढ़ विकासखंड में 17 व 18 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजन कर पंजीयन कार्य किया जाएगा। सक्ती जिले अंतर्गत विकासखंड सक्ती में 19 जून को, डभरा ब्लाक में 22 जून को जैजैपुर ब्लाक में 23 जून को एवं मालखरौदा में 24 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजन कर पंजीयन कार्य किया जाएगा। कृषकों को पंजीयन हेतु किसान आईडी एग्रीटेक क्रमांक, पासपोर्ट साईज 1 नवीन कलर फोटो, बी-1 एवं खसरा की नकल संबंधित पटवारी से सत्यापित कराकर एवं आधार कार्ड, पैन कार्ड, चालू मोबाईल नम्बर तथा बैंक पास बुक की छायाप्रति पंजीयन के समय एक प्रति के साथ पंजीयन कार्यवाही कराना होगा।

## खबर संक्षेप



### कॉफी हाउस चौक के समीप लग रहे जाम से लोग परेशान

**कोरबा।** शहर के हृदय स्थल टीपी नगर चौक पर ट्रैफिक सिग्नल से बचने के लिए वाहन चालकों द्वारा इन दिनों आवागमन के लिए टीपी नगर प्रेस काम्प्लेक्स रोड का इस्तेमाल करने में ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं। फलस्वरूप कॉफी हाउस के पास हर रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे आसपास के व्यवसायी एवं लोग काफी परेशान हैं। अक्सर यह नजारा शाम के वक्त कुछ ज्यादा ही देखने को मिलता है, जहां चौक पर जाम की वजह से चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम में फंसे लोग आवागमन को सामान्य बनाने की कवायद में जुटे नजर आते हैं। काफी मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य होता है और कई बार झड़प की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। लोगों ने मांग की है कि यहां पर टीपी नगर चौक के अलावा एक अन्य यातायात जवान की ड्यूटी लगाई जाए जो ट्रैफिक को कंट्रोल करे और यहां पर हो रही जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाए।

### जिले में डिजिटल जनगणना का कार्य शत-प्रतिशत संपन्न

**कोरबा।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के कुशल निर्देशन में कोरबा जिले के सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा जिले के समस्त चार्जों में जनगणना का कार्य पूरी सफलता के साथ पूर्ण कर लिया गया है। जिले के सभी 6 नगरीय निकायों, नगर पालिक निगम कोरबा के 7 जोनों, नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा एवं बांकीमोंगरा तथा नगर पंचायत पाली एवं छुरीकला सहित सभी 12 तहसीलों (कोरबा, भैसमा, बरपाली, करतला, कटघोरा, दर्री, पोड़ी-उपरोड़ा, पसान, पाली, हरदीबाजार, दीपका एवं अजगरबहार) में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एच.एल.बी.) की पहचान करते हुए शत-प्रतिशत डेटा संग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले में फील्ड स्तर पर रिजर्व सहित कुल 2215 प्रगणक एवं 376 सुपरवाइजर, अर्थात कुल 2591 जनगणना कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता एवं सतत परिश्रम से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन कार्मिकों ने प्रत्येक ग्राम, वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से जानकारी संकलित की, जिसके परिणामस्वरूप हाउस लिस्टिंग एवं आवास गणना (एच.एल.बी.) का कार्य निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सका। फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने भीषण गर्मी और भौगोलिक चुनौतियों का सामना करते हुए जिले के कोने-कोने तक पहुंचकर इस अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।

### ग्राम पंचायत सोनपुरी बैठक में सरपंच संघ का किया गया विस्तार

**कोरबा।** ग्राम पंचायत सोनपुरी में सरपंच संघ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद सरपंच संघ अध्यक्ष एवं वर्तमान सरपंच विजय मंझवार ने की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्रामीण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। उपस्थित सरपंचों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं को भी बैठक के समक्ष रखा।सरपंच संघ को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सर्वसम्मति से कलेश राम कंवर एवं महेंद्र कुमार राठिया को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अनिता मंझवार और गोपी राठिया को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए सरपंच संघ अध्यक्ष विजय मंझवार ने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास, जनहित के मुद्दों के समाधान और ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सरपंच संघ की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकाली गई साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। 5 जून- विश्व पर्यावरण दिवस के लिए इस सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रविवार की सुबह मुख्य अभियंता एचके. सिंह की अगुवाई में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। रविंद्र सांस्कृतिक भवन परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एचके सिंह द्वारा उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में संकल्प महिला मंडल, कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष श्रीमती रूक्मणी सिंह द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर निकाली गई यह रैली सीनियर क्लब से निकलकर कॉलोनी परिसर का भ्रमण करते हुए सीनियर क्लब लौट गई। रैली में बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। रैली के प्रति बच्चों में खासा उत्साह रहा। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक सीनियर क्लब में बच्चों के बीच विभिन्न कक्षा वर्ग में चित्रकला स्पर्धा आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए विविध रंगों से तूलिका चलाई। सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) विकास उइके ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित होकर जलवायु और भविष्य का संरक्षण करें है। नारा प्रतियोगिता के लिए प्रवृष्टियां तीन जून को दोपहर 2 बजे तक विद्युत संयंत्र मे विभिन्न हिस्सों में लगाए गए बॉक्स में जमा किया जा सकेगा। 5 जून को सुबह 9.30 बजे से आवासीय परिसर में पौधरोपण का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, एसके नायर और परियोजना प्रबंधक एसके. पंड्या एवं संकल्प महिला मंडल की सदस्याओं ने हिस्सा लिया।

### रविन्द्र सांस्कृतिक भवन में बच्चों के बीच चित्रकला स्पर्धा

**खास बात**

- 5 जून पर्यावरण दिवस से चलाया जाएगा जागरुकता कार्यक्रम



## जंगलों से ग्रामीण बीज का कर रहे हैं संग्रहण, आने वाले वर्षों में जंगल होगा तैयार

# पाली की हाईटेक नर्सरी में तैयार हो रहे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

वन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कटघोरा वन मंडल इन दिनों एक नई मिसाल पेश कर रहा है। पाली स्थित हाईटेक नर्सरी में इन दिनों बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजातियों के नए-नए पौधे तैयार किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस पूरी मुहिम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी अग्रिम पंक्ति में है, जिससे न केवल पर्यावरण संवर्धन हो रहा है बल्कि ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं।

कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत की पहल पर इस योजना को धरातल पर उतारा गया है। उनकी सोच है कि वनों के पुनर्जीवन और स्थानीय जैव विविधता को बचाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर ही मजबूत प्रयास किए जाएं। इसी सोच के तहत पाली की हाईटेक नर्सरी को नया जीवन दिया गया है, जहाँ वैज्ञानिक और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पौधों को अंकुरित और पल्लवित किया जा रहा है। कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि जंगलों में अलग अलग प्रजाति नीम, जामुन, खैर, गंगा इमली, महुआ, अंजन, करंज सहित विभिन्न प्रकार के फल के बीज गिर रहे हैं। जिसे बड़ी मात्रा में ग्रामीण एकत्रित कर रहे हैं और वन विभाग उसकी खरीदी कर उन बीजों को अपने पाली स्थित हाईटेक नर्सरी लेकर आ रहे हैं और उन बीजों को पौध तैयार करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में यह पौधे तैयार हो जाएंगे जिसके बाद वन विभाग अपने वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्र जटगा, पसान, चैतमा, पाली, केंदई, कटघोरा में रोपण करेगा।



### विभिन्न प्रजाति के पौधे हो रहे हैं तैयार

कटघोरा वन मंडल के विभिन्न रेंज से ग्रामीणों द्वारा जंगलों से विभिन्न प्रजातियों के बीजों का संग्रहण किया जा रहा है। इन बीजों को पाली स्थित हाईटेक नर्सरी में लाकर उच्च कोटी के पौधे तैयार किए जा रहे हैं जिसमें मुख्य रुप से जामुन, आम, गंगा इमली, महुआ, करंज, खैर सहित अन्य प्रजाति के बीज शामिल हैं।

-**कुमार निशांत,** वन मंडलाधिकारी कटघोरा

### ग्रामीण जंगलों से ला रहे हैं बीज

कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि हाईटेक नर्सरी में नरेगा, कैंपा मद सहित अन्य मदों के लिए नर्सरी में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इस मुहिम की सबसे खूबसूरत कड़ी स्थानीय ग्रामीण हैं। वनों के भीतर छिपे प्राकृतिक और औषधीय बीजों की पहचान करने में ग्रामीण माहिर होते हैं। ग्रामीण स्वेच्छा और उत्साह के साथ घने जंगलों से उच्च गुणवत्ता वाले पारंपरिक और स्थानीय प्रजातियों के बीजों का संग्रहण कर रहे हैं। संग्रहित बीजों को ग्रामीण वन विभाग को उपलब्ध कराते हैं, जिसके बदले उन्हें उचित पारिश्रमिक भी मिल रहा है। इन बीजों को पाली स्थित हाईटेक नर्सरी लाकर वन विभाग के विशेषज्ञों की देखरेख में अंकुरित किया जा रहा है और मजबूत पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

## तहसीलदार से मारपीट, शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार



एडीएम को ज्ञापन सौपते राजस्व पटवारी संघ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधायक और उसके समर्थकों के द्वारा तहसीलदार से की गई मारपीट की घटना को शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार है। दोषियों एवं संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। संघ के सदस्यों ने कहा कि एसडीएम के समक्ष मारपीट होना कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला कृत्य है।

संघ के अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में राजस्व पटवारी संघ ने कहा कि बीते 27 मई को नायब तहसीलदार तुषार मलिक के साथ विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके समर्थकों के द्वारा अपमानजनक अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही एसडीएम के समक्ष ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। जो अत्यंत निंदनीय है। किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि के द्वारा शासकीय सेवक के साथ इस तरह का व्यवहार शर्मनाक है। संघ की इस घटना की निंदा करता है एवं संघ का मानना है कि यह न केवल शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार है अपितु प्रशासन व्यवस्था और कानून को खुली चुनौती देना जैसा कृत्य है। इसलिए शासकीय कर्मचारियों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी की जाए। कार्यवाही न होने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## लोतलोता राखड़ बांध की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य रोकने ग्रामीण पहुंचे कलेक्टेट



कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी पश्चिम के ग्राम लोतलोता में बनाए गए राखड़ बांध को पुनः चालू करने के कार्य पर रोक लगाने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में सोमवार को जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को बांध के तटबंध टूटने से सामने आई समस्या से अवगत कराते हुए कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम पंचायत लोतलोता में 1985-86 में जमीनों का अधिग्रहण कर राखड़ डेम बनाया गया था। वर्ष 2023 में बांध के पूरा भर जाने के बाद पर्यावरण विभाग के द्वारा बांध को उपर उठाने की अनुमति नहीं दी गई थी। जिसके कारण बांध को बंद कर दिया गया था। कुछ हिस्से में पौधे लगाकर मिट्टी भर दी गई थी और पाइप लाइन को अलग कर दिया गया था। कुछ माह पूर्व बांध के नीचे बोल्डर पिचिंग धसकने के कारण बांध का तटबंध टूट गया। जिससे राखड़ आसपास के खेतों में समाया। वर्तमान में सीएसईबी प्रबंधन द्वारा नई पाइप लाइन बिछाने का काम चालू करने के लिए बांध में पानी निकासी के लिए नाली को खोला जा रहा है। बांध जर्जर हो चुका है। 3 साल से रखरखाव नहीं होने के कारण बांध 3 बार टूट चुका है। बांध के टूटने से पुरैनाखार प्राथमिक स्कूल में पानी पहुंच चुका था। हालही में ग्राम झाबू के राखड़बांध के टूटने से एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। ग्रामीणों ने लोतलोता राखड़ बांध को फिर से शुरू कराने का विरोध किया है।

**खास बातें**

- बांध टूटने से प्रभावित हुई थी ग्रामीणों की फसल
- खेतों में जमा हो गया था राखड़युक्त पानी

## परिवहन कार्यालय के सामने अवैध अतिक्रमण हटाने आयुक्त को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला परिवहन कार्यालय के आसपास बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अतुल असैय्या ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कार्यालय परिसर के सामने स्थित भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का अनुरोध किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिला परिवहन कार्यालय के सामने ग्राम रामपुर स्थित खसरा नंबर 203/1 की भूमि का एक हिस्सा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संभाग कोरबा को संभागीय कार्यालय भवन निर्माण के लिए आबंटित किया गया है। उक्त भूमि पर वर्तमान में कई ठेला, गुमटी और अस्थायी दुकानें संचालित हो रही हैं, जिन्हें अवैध अतिक्रमण बताया गया है। आरटीओ ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इन ठेला-गुमटियों में कुछ लोगों द्वारा ऑनलाइन आवेदन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। ये लोग ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन एवं अन्य परिवहन संबंधी कार्यों के लिए कार्यालय आने वाले आवेदकों से संपर्क कर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग करते हैं। इससे आम नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार की गतिविधियों की शिकायतें सोशल मीडिया के माध्यम से भी सामने आ रही हैं, जिससे शासन और परिवहन विभाग की छवि प्रभावित हो रही है। आरटीओ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय परिसर के आसपास ऐसे अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगाना आवश्यक है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने नगर निगम आयुक्त से अनुरोध किया है कि जिला परिवहन कार्यालय के आसपास स्थित सभी अवैध ठेला-गुमटियों एवं अतिक्रमण को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध हो सकें तथा शासन की छवि भी बनी रहे।



अतुल असैय्या

### कागजों से भरा ट्रक बीच सड़क पर पलटा, बाल बाल बचा चालक

**कोरबा।** सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर सोमवार की तड़के सुबह लगभग 3 बजे कोरबा से बिलासपुर की ओर जारी ही कागजों से भरी मिनी ट्रक बीच सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक को मामूली चोटे आई हैं बताया जा रहा है कि सोनपुरी पुल के पास बने आधे अधूरे ब्रेकर की वजह से या हादसा हुआ है। बताया जाता है कि चालक काफी तेज रफ्तार से वाहन का चला रहा था इस दौरान चालक की नजर ब्रेकर पर नहीं पड़ी और ब्रेकर में उसकी वाहन अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसे का सुखद पहलू यह रहा कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई वहीं चालक को मामूली चोट आई है।

## हाथियों की दस्तक गांवों में बढ़ी चिंता, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बरभौना जंगल क्षेत्र में हाथियों के दल के पहुंचने से आसपास के गांवों में चिंता का माहौल बन गया है। जंगल में कई हाथियों के विचरण की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। हाथियों की मौजूदगी की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर सक्रिय हो गई और लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि हाथियों का दल भोजन और पानी की तलाश में जंगल क्षेत्र तक पहुंचा है। हाथियों के गांवों की ओर बढ़ने की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग की ओर से लोगों को जंगल की ओर अकेले न जाने और रात के समय अतिरिक्त सतर्कता रखने के लिए कहा गया है। वन अमला प्रभावित गांवों में लगातार संपर्क बनाए हुए है। ग्रामीणों को मुनादी के माध्यम से हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, उन्हें परेशान न करने और किसी भी असामान्य गतिविधि की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि हाथियों के मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं ताकि जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**न्यायालय नायब तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
क्रमांक/664/ना.तह. / वाचक / 2026
नवागढ़, दिनांक 22/5/2026
रा.प्र.क्र........../बी-121
ग्राम-जगमहंत, प.ह.नं. -06

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक साकेत सिंह बनाफर पिता स्व. सनत सिंह जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम जगमहंत, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं साकेत सिंह बनाफर पिता स्व.सनत सिंह के लिए लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति/ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्रदाय करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय व संपत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र (परिशिष्ट-एक), शपथपत्र, बी-1 खसरा नकल, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता अंकसूची संलग्न कर न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में दावा/आपत्ति हेतु ईश्तहार जारी किया गया। जारी ईश्तहार प्रकाशन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति सुनवाई दिनांक 8/6/2026 को उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में आवेदन पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

### जनदर्शन में सामने आए पीएम आवास मांगने आवेदन

# कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे आमजनों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन दिए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन में उपस्थित प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें तालाब गहरीकरण, भूमि एवं राजस्व संबंधी विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से लाभ दिलाने, राशन कार्ड, पट्टा प्रदान करने, सीमांकन, भूमि डायवर्जन, खाता विभाजन, विद्युत व्यवस्था में सुधार, महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित मामलों सहित कुल 140 अन्य जनसमस्याओं के आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए तथा प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर यथाशीघ्र राहत प्रदान की जाए।



जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।

लाइफ Style

# तृषा
## फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साउथ फिल्मों की स्टार तृष्णा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।फिल्म सिर्फ पुराने प्यार की कहानी नहीं दिखाती, बल्कि जिंदगी के फैसले, अधूरे रिश्ते और परिवार की जिम्मेदारियों को भी खूबसूरती से सामने लाती है।इस फिल्म में तृषा और विजय सेतुपति की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।



हॉलीवुड मसाला



# दुआ ने 6 साल बड़े एक्टर से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाली 1,660 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली पॉप सिंगर दुआ लीपा ने शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी उम्र में उनसे 6 साल बड़े हैं और मनोरंजन जगत का जाना-पहचाना चेहरा हैं। करोड़ों फैंस की पसंदीदा सिंगर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कैलम टर्नर के साथ नई जिंदगी की शुरुआत कर ली है। दोनों के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं और अब शादी की खबर ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। ऐसे में हर कोई उनके पति के बारे में जानना चाहता है। कैलम टर्नर ब्रिटेन के मशहूर एक्टर हैं।



# एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था। एक इंटरव्यू के दौरान एमिलिया क्लार्क से उनकी प्रति एपिसोड फीस को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा कि उन्हें इतनी बड़ी रकम नहीं मिलती थी।



# परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया।



# अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विज़ुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

टीवी मसाला




# दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाजा किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानों के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

## मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा

**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था।



इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था। द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है, 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

# मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है।' उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।'



अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।' कियारा की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

**नई दिल्ली।** सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।




### पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

### बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

## बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

# पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

***नई दिल्ली।** आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप'बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाईं। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।*



### स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

***रफी संग हिट थी जोड़ी :*** आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

### लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

### पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्नि हैं।

### इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।

## खबर संक्षेप

### भारतीय वायुसेना में निधि का चयन



**तनौद।** पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तनौद निवासी निधि साहू का चयन भारतीय वायुसेना में हुआ है। निधि के चयन की खबर मिलते ही ग्राम पंचायत तनौद सहित रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ डिफेंस एकेडमी में हर्ष का माहौल है। निधि साहू के पिता प्रेमचंद साहू पेशे से किसान हैं और माता डागेश्वरी साहू प्राथमिक शाला में शिक्षिका हैं। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद निधि ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। निधि ने कहा कि वह अपने मेहनत और हौसले के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंची है। निधि का चयन वायुसेना में अग्निवीर वायु के पद पर हुआ है। ग्राम तनौद में निधि की सफलता पर ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। माता-पिता ने कहा कि बेटी की सफलता पर गर्व है। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि निधि की सफलता से गांव की अन्य बेटियों को भी सेना में जाने की प्रेरणा मिलेगी।

### पैरालीगल वालेंटियर समाज के सभी लोगों को नालसा की योजनाओं का दिलाएं लाभ

**जांजगीर-चांपा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयदीप गर्ग के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा समस्त पैरालीगल वालेंटियर के कार्यों की क्षमता एवं गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी पैरालीगल वॉलिंटियर को अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहकर वहां आने वाले सभी लोगों को उनकी समस्याओं का निराकरण व सहयोग करने को कहा गया साथ ही समाज के सभी लोगों तक न्याय की पहुंच उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रशासन के सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने को कहा गया। पैरालीगल वॉलिंटियर के माध्यम से बचपन बचाओ अभियान में अच्छे से कार्य करने एवं कार्यों के संबंध में प्राधिकरण को निरंतर अवगत कराने को कहा गया। प्रधान जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग पैरा लीगल वॉलिंटियरों के माध्यम से नालसा एवं सालसा की योजनाओं के तहत लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु जिले के सभी ग्रामों में योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार प्रसार करने व लोगों की समस्याओं के संबंध में प्राधिकरण को अवगत कराने को कहा गया है ताकि सभी लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से समुचित न्याय मिल सके और समाज का कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न हो।

### साप्ताहिक जनदर्शन में मांग एवं समस्याएं से संबंधित 91 आवेदकों ने दिया आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांग एवं समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्राप्त सभी आवेदनों का जांच कर आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील सारागांव के ग्राम कोसमंदा निवासी बलराम राठौर द्वारा राशन कार्ड से संबंधित, ग्राम देवरी निवासी राजकुमारी यादव द्वारा सीमांकन करावाने के संबंध में तहसील नवागढ़ के ग्राम उदयभांठा निवासी अमित कुमार शर्मा ने कृषि भूमि के सामने से अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में, तहसील पामगढ़ के ग्राम मुड़पार च निवासी खोलबहरी पटेल द्वारा असंगठित कर्मकार मुत्यु दिव्यांग सहायता योजना की राशि दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जनदर्शन में पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड सुधार, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन कराने सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री महोबे ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर जिले के निर्माण के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जन-जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित करने तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अधिसूचित क्षेत्रों, तीर्थ स्थलों, बस स्टैण्ड, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे स्टेशन, होटल, अस्पताल, स्टेडियम, सामुदायिक भवन एवं पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का पृथक्करण अनिवार्य किया गया है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति, कचरा पृथक्करण, संग्रहण एवं वैज्ञानिक निपटान की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही।

जानकारी देने के बावजूद पंचायत प्रतिनिधि और संबंधित विभाग समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं

# आदर्श ग्राम गोधना में गहराया पेयजल संकट, कई हैंडपंप व बोरिंग महीनों से खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है। गांव के विभिन्न मोहल्लों में स्थित कई सरकारी हैंडपंप और बोरिंग लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद पंचायत प्रतिनिधि और संबंधित विभाग समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के सतनाम भवन के पास स्थित सरकारी बोरिंग पिछले एक माह से खराब पड़ा हुआ है। वहीं मिलन चौक के इमली गली में दादू साहू के घर के समीप स्थित बोरिंग भी पिछले महीने से बंद पड़ा है, जिसकी अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। इसी तरह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति केंद्र के पास स्थित बोरिंग भी खराब होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। भाठापारा स्थित कीर्तन मंडली के राम मंदिर के पास लगा हैंडपंप एवं बोरिंग दोनों खराब हो चुके हैं। यह क्षेत्र का प्रमुख जलस्त्रोत था, जिसके बंद होने से आसपास के परिवारों को पेयजल के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के बीच पानी की समस्या ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है।



आदर्श ग्राम पंचायत गोधनामें बिगड़ा पड़ा हैण्डपंप व बोरिंग।

### ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर कराया बोरिंग की मरम्मत

डोंगिया तालाब के पास स्थित एक बोरिंग खराब हो जाने पर पंचायत की ओर से कोई पहल नहीं की गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने स्वयं आगे आकर प्रति व्यक्ति 20-20 रुपये का चंदा एकत्र किया और बोरिंग की मरम्मत कराई, ताकि लोगों को पानी मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा इस कार्य के लिए कोई आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई। ग्रामीणों ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि पंचायत के माध्यम से बोरिंग निर्माण एवं मरम्मत के लिए बड़ी राशि निकाली गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने संबंधित मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

**सरकारी बोर पर कब्जे का आरोप**-गांव के शांति मोहल्ला में स्थित एक सरकारी बोरिंग पर कब्जे का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया है। उनका कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा सरकारी बोरिंग का निजी उपयोग किया जा रहा है, जिससे मोहल्ले के अन्य लोगों को पानी मिलने में कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सार्वजनिक जलस्त्रोत को आम लोगों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की मांग की है।

### जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से बढ़ी नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन पंच, सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। कई जलस्रोत महीनों से खराब पड़े हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे ग्रामीणों में पंचायत प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से गांव के सभी खराब हैंडपंप और बोरिंगों की तत्काल मरम्मत कराने, सरकारी जलस्रोतों से कथित कब्जा हटाने तथा बोरिंग निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में खर्च हुई राशि की जांच कराने की मांग की है।



## जनपद सदस्य उपचुनाव में नीलेश ने 402 मतों के अंतर से दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 और ग्राम पंचायत अमोरा के वार्ड क्रमांक 11 में संपन्न हुए उपचुनावों में मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी आस्था का परिचय दिया। शांतिपूर्ण मतदान में बड़ी संख्या में युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लेकर मतदान प्रतिशत को उल्लेखनीय स्तर तक पहुंचाया।

जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 में कुल 75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि ग्राम पंचायत अमोरा के वार्ड क्रमांक 11 में पंच पद के लिए 85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सभी केंद्रों पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। जनपद सदस्य क्षेत्र के लिए ग्राम सांकर में तीन तथा फरहदा और सोनादुला में दो-दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होते ही मतदाताओं की भीड़ केंद्रों पर पहुंचने लगी। समय के साथ मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता गया। सुबह 9 बजे तक 27 प्रतिशत, 11 बजे तक 52 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 68 प्रतिशत और मतदान समाप्ति तक 75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। स्वर्गीय संकर्षण सिंह चंदेल के निधन से रिक्त हुई जनपद सदस्य सीट पर हुए इस चुनाव में मुकाबला काफी रोचक रहा। दिवंगत सदस्य के पिता धनंजय सिंह चंदेल मैदान में थे, लेकिन ग्राम सांकर, फरहदा और सोनादुला में मतदाताओं ने नीलेश सिंह चंदेल पर अधिक भरोसा जताया। मतगणना के बाद नीलेश सिंह चंदेल ने 1409 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी धनंजय सिंह चंदेल को 402 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। धनंजय सिंह चंदेल को 1007 मत प्राप्त हुए।

■ जनपद सदस्य क्षेत्र में 75 प्रतिशत और अमोरा वार्ड में 85 प्रतिशत मतदान

**अमोरा में राजकुमार साहू बने पंच**-ग्राम पंचायत अमोरा के वार्ड क्रमांक 11 में हुए पंच उपचुनाव में राजकुमार साहू ने 88 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी गणेश राम साहू को 45, जानकी साहू को 24 तथा डॉ. गणेश यादव को 6 मत मिले। राजकुमार साहू ने 43 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर वार्ड का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्राप्त किया।

## नायब तहसीलदार के साथ मारपीट की घटना को लेकर लिपिक संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नायब तहसीलदार के साथ हुए शासकीय कार्य में बाधा,अभद्र व्यवहार और मारपीट को लेकर प्रदेश भर के तहसीलदारों के नाराजगी बनी हुई है। जिसमें अब तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ 1 जून से काम बंद, कलमबंद हड़ताल और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है।

27 मई को उप तहसील राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तुषार मानिक अपने न्यायालयीन एवं राजस्व दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने की गंभीर घटना घटित हुई। लिपिक संघ के अनुसार यह घटना केवल एक अधिकारी के साथ हुई व्यक्तिगत घटना नहीं है, बल्कि संपूर्ण शासकीय कर्मचारी अधिकारी के साथ साथ राजस्व प्रशासन, न्यायालयीन व्यवस्था एवं विधिसम्मत प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गरिमा पर सीधा आघात है। उक्त घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विशाल वैभव द्वारा संघीय पत्र जारी कर निंदा एवं समर्थन प्रस्ताव पारित करते हुए घटना की कड़ी निंदा की गई है तथा शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। साथ ही घटना की तीव्र निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कठोर कार्यवाही की मांग की गई है तथा छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की मांगों का नैतिक समर्थन व्यक्त किया गया है। लिपिक संघ के अनुसार यह घटना एक अधिकारी का विषय नहीं है, बल्कि संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था, विधिसम्मत कार्यप्रणाली एवं शासकीय सेवाओं की गरिमा से जुड़ा हुआ विषय है। इस संबंध में लिपिक संघ जिलाध्यक्ष विशाल वैभव ने बताया कि जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो प्रांतीय आव्हान पर आंदोलन हेतु बाध्य होना पड़ेगा। भविष्य में शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की गरिमा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया जाए तथा इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस संबंध में भी शासन द्वारा एक सुस्पष्ट सुरक्षा मानक संचालन प्रक्रिया जारी किए जाने की मांग की गई है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के है वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन आवेदन प्रेषित कर सकते है।

## मछुआरा समाज ने किया 300 से अधिक प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मछुआरा समाज के द्वारा प्रतिभावान बच्चों के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 300 से अधिक प्रतिभावान बच्चों को प्रमाण पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुंडरदेही क्षेत्र के विधायक भी शामिल हुए।

■ जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

गौरतलब है कि मछुआरा समाज के द्वारा धीवर कहरा एवं निषाद समाज से आने वाले 331 प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान किया गया। मछुआरा समाज के द्वारा कुछ दिनों पूर्व पांचवी आठवीं 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान करने को लेकर कार्य योजना तैयार की गई थी। इसी के तहत रविवार 31 मई को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 331 प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुंडरदेही क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मछुआरा समाज के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इन छात्रों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बन सके इस तरह के कार्य क्षेत्र से जोड़ना है। साथ ही उनके आर्थिक मजबूती को लेकर भी कदम उठाएंगे। इन बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार से कैसे जोड़ा जाए इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। मछुआरा समाज के इस कार्यक्रम में गुंडरदेही क्षेत्र के विधायक के अलावा भाजपा नेता अमर सुल्तानिया, इंजीनियर रवि पांडे पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के साथ साथ छत्तीसगढ़धीवर युवा समाज के संस्थापक नवीन कुमार धीवर, भरत लाल, अमृतलाल, रामलाल, माधुरी, सरिता, नारायण केंवट, गायत्री केवट, आदित्य कहरा, मुकेश कुमार समेत कई लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व प्रतिभावान छात्र-छात्राएं।

## विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा परामर्शदात्रि की बैठक आयोजित करने सहित विभिन्न विसंगति पूर्ण आदेश के विरुद्ध कलेक्टर जन्मेजय महोबे को ज्ञापन सौंपा गया।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जांजगीर चांपा ने कर्मचारियों की समस्या को लेकर परामर्शदात्रि बैठक के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर विभाग में हो रही गड़बड़ी को लेकर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अटैच करने, उच्च वर्ग शिक्षक को एबीइओ बनाने के विरोध एवं कोटमी सोनार में सीनियर के रहते जूनियर को शैक्षिक समन्वय बना देने का पुरजोर विरोध किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द जांच कर सही व्यक्ति को नियुक्त करने का आश्वासन दिया गया। फेडरेशन को जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि 16 तारीख तक हटा दिया जाएगा।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी।

## ग्राम सांकर में विभिन्न घरों में गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन व ग्रामवासी सोनादुला एवं सांकर गांव संयुक्त तत्वाधान मे ग्राम सांकर के विभिन्न घरो पर गृहें गृहें गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम यज्ञ का उद्देश्य पत्येक घरो पर संस्कार,आध्यत्मिक चेतना, सकारात्मक ऊर्जा एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का विस्तार करना था। इस अवसर पर यज्ञाचार्यो का मार्गदर्शन मे श्रद्धांलु परिवारों ने विधि विधान पूर्वक यज्ञ संपन्न किया तथा परिवार,समाज एवं राष्ट्र की सुख समृद्धि शांति एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। इस यज्ञ मे यजमान ग्राम सांकर के सरपंच डॉ जगदीश पटेल, रामावतार साहू, रामगोपाल साहू, शत्रुहन सिंह, राधेश्याम साहू, जानकीप्रसाद साहू,भीस्म साहू,सुधीर कुमार पटेल, संजीव साहू, संजय पटेल,राधे पटेल, तुलाराम पटेल,द्वारिका, गोपाल पटेल, शोभाराम साहू यज्ञचार्य जोधराम साहू, डंकेश्वर साहू त्रियुगीनारायन पटेल, कालेसर साहू, दीपक साहू, विजय पटेल, रमाकांत पटेल, घनश्याम पाटनवार, रामस्नेही पटेल, भुलाऊराम समेत ग्रामवासी व यज्ञचार्य उपस्थित रहे। यज्ञचार्य रमाकांत पटेल व गांव सांकर के सरपंच जगदीश पटेल ने उपस्थित यज्ञचर्यो व ग्रामवसीओ का आभार व्यक्त किया।



यज्ञ कराते आचार्य।

### बलौदा, नरियरा एवं कुम्हारी कला में आयोजित हुआ जनसमस्या निवारण शिविर

## ग्रामीणों को स्टॉलों के माध्यम से दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत कुम्हारीकला एवं नगर पंचायत बलौदा व नरियरा में मंगलवार 2 जून को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने विभिन्न विभागों के माध्यम से अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा हितग्राहियों से आवेदन भी प्राप्त कर मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना अंतर्गत प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार खीर खिलाकर संपन्न कराया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने बाल विवाह मुक्त की शपथ भी ली। इसके साथ ही सुशासन तिहार के अवसर पर अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसमें एक्स-रे, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल, हीमोग्लोबिन जांच सहित अन्य सुविधा प्रदान की गई। ग्राम पंचायत कुम्हारी कला में आयोजित शिविर में कुल 1625 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 1578 मांग तथा 47 शिकायत से संबंधित है। सभी आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से सुनने एवं मौके पर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला।




पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना अंतर्गत चाबी सौंपते अतिथि।

## 2079 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से जनगणना के प्रथम चरण का कार्य संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जनगणना 2027 का कार्य राज्य में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण (फेस-1) यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों के गणना का फील्ड कार्य 1 मई से प्रारम्भ होकर 30 मई को सफलतापूर्वक संपादित हो गया है। द्वितीय चरण, जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा।

प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य के दौरान जिले के सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्न जो कि मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाएं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित थी, की जानकारी मोबाइल एप्प के माध्यम से संकलित की गई। अब यह जानकारी भारत सरकार के सर्वर में सुरक्षित रख ली गई है। जिले में जनगणना प्रथम चरण का कार्य 12 नगरीय निकाय एवं 9 तहसीलों के अंतर्गत 429 ग्रामों में संपादित किया गया है। इस कार्य को संपादित करने के लिए जिला में 9 ग्रामीण चार्ज एवं 12 नगरीय चार्ज बनाए गए थे। इन चीजों के अंतर्गत 1717 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए थे। जिला में इस कार्य हेतु 2079 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें 1 प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी, 1 जिला जनगणना अधिकारी, 1 अति. जिला जनगणना अधिकारी, 21 चार्ज अधिकारी, 21 अति. चार्ज अधिकारी, 1 मास्टर ट्रेनर्स, 41 फील्ड ट्रेनर्स, 1697 प्रगणक एवं 295 पर्यवक्षक शामिल थे।